Demand for new Railway line for Sirsa

सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से आदरणीय प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहती हूं कि उन्होंने पूरे भारत वर्ष में रेलों का जाल बिछवाया है और पिछले दिनों नौ ?वंदे भारत? का उद्घाटन किया। मेरे संसदीय क्षेत्र में पांच अमृत स्टेशन बनाए जा रहे हैं और स्टॉपेज भी मिले हैं। मेरा इलाका हरियाणा में सबसे पिछड़ा इलाका है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि हरियाणा को बने 57 साल हो गए हैं, लेकिन अभी तक मेरा संसदीय क्षेत्र राजधानी चंडीगढ़ से जुड़ा नहीं है।

आपके माध्यम से मैं यह कहना चाहती हूं कि सिरसा, फतेहाबाद और नरवाना विधान सभा को चंडीगढ़, जो हमारी राजधानी है, उससे जोड़ा जाए। टोहाना में श्रीगंगानगर से लेकर दिल्ली तक की जो इंटरसिटी है, उसके लिए बार-बार मेरे संसदीय क्षेत्र से मांग आती रहती है। अत: वहां पर यदि इंटरसिटी का स्टॉपेज मिलेगा, तो बहुत मेहरबानी होगी।

महोदय, ऐलनाबाद से लेकर सिरसा तक एक छोटा-सा टुकड़ा है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूं कि अगर वहां पर नई रेल लाइन बन जाती है, तो मेरे इलाके के लोगों को बहुत फायदा मिलेगा। धन्यवाद।